Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 11-03-2006

Participants : Singh Shri Sitaram

an>

Title : Regarding spread of diseases due to water pollution in Sitamarhi district.

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के सीतामढ़ी जिले में रीगा चीनी मिल है। इस मिल में डिस्टलरी फैक्ट्री खुली हुई है, इससे इलाके में गंदा पानी निकलता है। इस गंदे पानी के कारण जल प्रदूाण से काफी लोग बीमार पड़ रहे हैं, कई मवेशी मर चुके हैं और कई जानें जा चुकी cé[c62]। बच्चे भी विभिन्न बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। मिलमालिकों द्वारा उस गंदे पानी को साफ करने के लिए जो प्लान्ट लगाने हैं, वे प्लान्ट अभी तक नहीं लगाये गये हैं। इसकी जांच बिहार सरकार से कराई गई थी और इस दिशा में कार्रवाई करने के लिए कहा गया था, मगर आज तक कोई प्लान्ट नहीं लगाया गया है। जिसके कारण काफी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि इस दिशा में मिलमालिकों को निर्देश दिया जाए कि वे इस गंदे पानी को रोकें और इसे प्यूरीफाई करके प्लान्ट लगाकर साफ पानी निकालें।